58

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–115/2025 2459 /पटना, दिनांक– 23.2.26

संवेदक विक्की कर (निबंधन संख्या–4190142 (U.E)), पताः–अशोक पल्ली, रायगंज, जिला– उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल, पिन कोड–733134 को कार्य प्रमंडल, वायसी के अधीन **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत टी05 पी0डब्लू0डी0 से उज्जैन पथ निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः– **61/MMGSY (SC)/SBD/2019-20** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 18.02.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 17.11.2020 था तथा कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि 15.11.2020।

संदर्भित पथ के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संबंधित संवेदक द्वारा पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी के सकारण आदेश ज्ञापांक 2730 दिनांक 21.10.2024 द्वारा एकरारनामा संख्याः– **61/MMGSY (SC)/SBD/2019-20** को विखंडित करते हुए संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 782 दिनांक 21.02.2025, पत्रांक 1157 दिनांक 25.03.2025, पत्रांक 8031 दिनांक 23.07.2025 एवं पत्रांक 11200 दिनांक 31.10.2025 द्वारा संवेदक विक्की कर (निबंधन संख्या–4190142 (U.E)) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी के पत्रांक 410 अनु0 दिनांक 20.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत टी05 पी0डब्लू0डी0 से उज्जैन पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य संवेदक विक्की कर द्वारा नहीं किया गया है। वर्त्तमान में यह पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हो चुका है। वर्त्तमान में संदर्भित पथ का **Upgradation App** द्वारा सर्वे करा लिया गया है।

इससे स्पष्ट होता है कि संदर्भित पथ का निर्माण कार्य को लंबित रखने के लिए संवेदक विमल दास (निबंधन संख्या–2150497) पूर्णतया दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक विक्की कर (निबंधन संख्या–4190142 (U.E)), पताः–अशोक पल्ली, रायगंज, जिला– उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल, पिन कोड–733134 के निबंधन संख्याः–4190142 (U.E), PAN No. DONPK7012A को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

23.02.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

P.T.O

बंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2459 / पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि– संवेदक विक्की कर (निबंधन संख्या–4190142 (U.E)), पता:–अशोक पल्ली, रायगंज, जिला– उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल, पिन कोड–733134 को सूचनार्थ प्रेषित।

23.2.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2459 / पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.2.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2459 / पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

23.2.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2459 / पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.2.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2459 / पटना, दिनांक– 23.2.26

ebsite

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

23.2.26
अभियंता प्रमुख